आकाशवाणी शिमला

11.05.2024/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे

अनुराग ठाकुर

प्रदेश में पहली जून को होने वाले मतदान को लेकर चुनाव प्रचार अभियान लगातार तेज हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर में विजय संकल्प रैली के माध्यम से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। एक जनसभा में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश के नागरिकों को ठगने का काम किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने पांच लाख नौकरियां देने का वायदा किया था लेकिन सरकार के सभी दावे पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के कार्यकाल के 10 वर्षों में गरीब कल्याण ही भाजपा की पहचान रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मेहनत करने का आहवान किया। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी इस दौरान मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

दूसरी ओर आगामी चुनाव के लिए कांग्रेस का प्रचार अभियान भी लगातार जारी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला जिले के कुपवी में एक चुनावी जनसभा में कहा कि इस चुनाव से भविष्य की राजनीति की दशा और दिशा तय होगी। उन्होंने कहा कि एक जून को होने वाले मतदान के माध्यम से धन–बल की राजनीति करने वालों के खिलाफ पूरे देश में संदेश दिया जाना चाहिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को महिला व कर्मचारी विरोधी करार दिया और कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने जनकल्याण की दिशा में कई योजनाएं शुरू की हैं।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद बनने के बाद हर्ष महाजन आज पहली बार अपने गृह जिला चम्बा पहुंचे। जिला मुख्यालय में पहुंचने पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला चम्बा को आगे ले जाना उनकी प्राथमिकता है और जिले में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए पर्याप्त राशि मुहैया करवाई जाएगी। प्रदेश कांग्रेस सरकार को घेरते हुए हर्ष महाजन ने कहा कि राज्य सरकार का अब तक का कार्यकाल निराशाजनक रहा है।

कांग्रेस बैठक

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों की बैठकों का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में शिमला शहरी कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बैठक में कहा कि शिमला संसदीय सीट सहित सभी सीटों पर कांग्रेस जीत दर्ज करने में कामयाब रहेगी।

न्यायिक परिसर

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. रामचन्द्र राव ने कहा है कि उच्च न्यायालय सहित जिला न्यायालयों के रिकार्ड का जल्द डिजिटलीकरण किया जाएगा। कांगड़ा जिला के देहरा में आज न्यायिक परिसर की आधारशिला रखने के बाद उन्होंने कहा कि कांगज की खपत कम करने और जवाबदेही व पारदर्शिता सुनिश्चित बनाने के लिए उच्च न्यायालय रजिस्ट्री की विभिन्न शाखाओं में ई–ऑफिस लागू किया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय लोगों को उनके घर–द्वार के समीप जल्द व किफायती न्याय सुनिश्चित बनाने के लिए समर्पित प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर, किन्नौर, हमीरपुर, शिमला, सोलन और सिरमौर के लिए वर्चुअल कोर्ट सफलतापूर्वक लागू कर दिए गए हैं।

सीईओ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने पर बल दिया है। वे आज मण्डी में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ हुई बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों में पिछले चुनावों में 60 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है वहां अधिक से अधिक जागरूकता शिविर लगाना जरूरी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान व पीठासीन अधिकारियों को भी मतदान प्रक्रिया को लेकर आवश्यक प्रशिक्षण करवाने की जरूरत पर बल दिया ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न की जा सके। बैठक में मण्डी के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने जिले में चल रही चुनाव तैयारियों को लेकर जानकारी दी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम ने करवट ली है और दोपहर बाद से बादल छाए हुए है। कुछ स्थानों पर हवाएं चलने और हल्की वर्षा से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा व ओलावृष्टि का समाचार है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी अनेक स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है।